# RAF SECTOR

## NEWS CLIP

## 03/10/19

TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING

**Amar Ujala (Prayagraj, UP)**

# आरएएफ कर्मियों ने चलाया सफाई अभियान

फाफामऊ(ब्यूरो)। आरएएफ कर्मियों ने ग्रामीणों संग सफाई अभियान चलाया। 91 बटालियन शांतिपुरम के कमांडेंट वीपी सिंह के निर्देश पर आरएएफ के जवान एवं



अधिकारियों ने मंगलवार को सफाई अभियान चलाया। कंपनी कमांडर अवधेश सिंह, सहायक कमांडेंट अरविंद कुमार आजाद, ग्राम प्रधान राम मूर्ति प्रजापति, आनंद पाण्डेय, दया शंकर यादव, वंशराज पाण्डेय, पवन पांडेय आदि लोग सफाई अभियान में शामिल हुए। इसी प्रकार सीआरपीएफ ग्रुप सेंटर की 224 बटालियन के कमांडेंट तपन कुमार के निर्देश पर जवानों ने पांडेश्वर नाथ धाम में सफाई अभियान चलाया। सफाई अभियान में द्वितीय कमान अधिकारी अजय सिंह परमार, डिप्टी कमांडेंट राजेश तिवारी एवं जवान शामिल हुए।

Aaj (Prayagraj, UP)

# आरएएफ के जवानों ने दुर्गा पूजा पंडालों में चलाया सफाई अभियान

फाफामऊ (प्रयागराज)। शांतिपुरम फाफामऊ स्थित दुर्गा पूजा पंडालों के आस - पास १०१ बटालियन आरएएफ के जवानों ने डिप्टी कमांडेंट एके सिंह के नेतृत्व में मंगलवार को स्वच्छ भारत अभियान के तहत सफाई अभियान चलाया गया। अभियान में जवानों ने विभिन्न दुर्गा पूजा पंडालों के आस-पास तथा गद्दोपुर गांव में स्थित प्राथमिक विद्यालय परिसर की सफाई की और लोगों को सफाई के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि सफाई को हर व्यक्ति अपने दैनिक कामो में शामिल करे और अपने आस - पास आधा घंटा सफाई करे। जिससे बीमारियों से भी बचा जा सकता है आस - पास का वातावरण भी स्वच्छ रहेगा। गद्दोपुर प्राथमिक विद्यालय के बच्चों को टॉफी और बिस्कुट बांट कर सफाई के प्रति जागरूक किया। सफाई अभियान में ग्राम प्रधान गद्दोपुर राममूर्ति प्रजापति, त्रिभुवन प्रजापति, आदित्य पांडेय, विवेक ओझा, राजेन्द्र कुमार आदि लोग उपस्थित रहें। इसी तरह स्वच्छ भारत अभियान चलाया गया थरवई स्थित चालिस नं गुमटी बाजार तथा आस - पास के गावों में २२४ बटालियन के कमानडेन्ट तपन कुमार की नेतृत्व में प्लास्टिक मुक्ति, सफाई अभियान चलाया तथा गांवों में जागरूकता रैली निकालकर लोगों को जागरूक किया। इसमें मौके पर बटालियन के अधिकारियों के अलावा सैकड़ों कार्मिक मौजूद रहे।

**Dainik Jagran (Lucknow,UP)**

# आरएएफ ने चलाया स्वच्छता अभियान

लखनऊ :आरएएफ की 91वीं बटालियन ने चंद्रावल गांव में स्वच्छता पखवाड़े के तहत अस्पताल और स्कूल परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया। कमांडेंट विश्वनाथ प्रताप सिंह के साथ प्रभारी कमांडेंट शशिकांत चतुर्वेदी के नेतृत्व में गोद लिए गए चंद्रावल गांव में साफ–सफाई की गई। उपकमांडेंट विजय कुमार साहू, सर्वेंद्र सिंह, सहायक कमांडेंट विकास कुमार सिंह और दामोदर सिंह भी मौजूद थे।

**Hindustan (Prayagraj,UP)**

# आरएएफ ने मनाया स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा

फाफामऊ। शांतिपुरम स्थित 101 बटालियन आरएएफ कैंप में गांधी जयंती पर स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के तहत स्वच्छता अभियान चलाया। इस दौरान आरएएफ कर्मियों ने कैंप के आसपास के गांवों में सफाई अभियान चलाकर लोगों को सफाई के प्रति जागरूक किया। इस दौरान भारी संख्या जवान शामिल रहें।

Saykaleen Swadesh (Bhopal, MP)

# गॉधी जयंती के शुभ अवसर पर 107 बटालियन द्रुत कार्य बल द्वारा स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया

■ सायंकालीन स्वदेश संवाददाता, भोपाल


गॉधी जयंती के अवसर पर 107 बटालियन द्रुत कार्य बल द्वारा मनोज कुमार गुप्ता कमाण्डेन्ट 107 बटालियन के नेतृत्व में स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सर्व प्रथम कमाण्डेन्ट 107 बटालियन ने स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम में उपस्थित सभी अधिकारियों एवं जवानो को गॉधी जी के जन्म दिवस की हार्दिक शुभकामनाए दी। अपने संबोधन में कमाण्डेन्ट 107 बटालियन ने बताया कि राष्ट्रपिता महात्मा गॉधी का जन्म 02



अक्टूबर 1869 को गुजरात के पोरबंदर में हुआ था। गॉधी जी के जन्मदिवस का प्रतीक 02 अक्टूबर पूरे भारतवर्ष में राष्ट्रीय पर्व के रूप में मनाया जाता है। साथ ही यह दिवस पूरे विश्व में अंतर्राष्ट्रीय अहिंसा दिवस के रूप में भी मनाया जाता है। इस दिवस को मनाने की बड़ी महत्ता है, क्योंकि गॉधी जयंती केवल एक दिवस नहीं है बल्कि भारतीय जनमानस के लिए एक आदर्श भी है। इसलिए इस दिन महात्मा गॉधी के आदर्शों को याद करने के लिए भी गॉधी जयंती मनायी जाती है। राष्ट्र पिता महात्मा गांधी ने भारत को एक स्वतंत्र राष्ट्र ही नही बल्कि स्वच्छ एवं स्वस्थ भारत का सपना देखा था और उन्होंनें अपने नारों द्वारा लोगो को प्रेरित करके स्वच्छ भारत बनाने की कोशिश की। वर्ष 2014 में महात्मा गॉधी के इस मिशन को सफल बनाने के लिए मोदी सरकार द्वारा उनके 145 वीं जयंती (02 अक्टूबर 2014) के अवसर पर स्वच्छ भारत मिशन की शुरूआत की गई एवं 2019 तक उनकी 150 वीं जयंती पर स्वच्छ भारत की कल्पना की गई है। वर्ष 2017 में भारत सरकार द्वारा महात्मा गॉधी की जयंती पर एक विशेष अभियान शुरू किया गया जिसे भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र दामोदर दास मोदी द्वारा स्वच्छता ही सेवा अभियान का नाम दिया गया है। यह अभियान एक स्वच्छ एवं स्वस्थ भारत की परिकल्पना की दृष्टि से लागू किया गया है। जिसका उद्देश्य पूरे देश को स्वच्छ बनाकर विकास की ओर अग्रसर करना है।

Amar Ujala (Prayagraj,UP)

# भारत को स्वच्छ बनाने की ली शपथ



**फाफामऊ(ब्यूरो)।** गांधी जयंती के अवसर पर आरएएफ 101 बटालियन के जवानों एवं अधिकारियों ने भारत को स्वच्छ बनाने एवं पालीथिन का इस्तेमाल न करने की शपथ ली। इसके अलावा जवानों एवं अधिकारियों ने स्वच्छता अभियान चलाया। बटालियन में एक सप्ताह तक स्वच्छता पखवाड़ा मनाया गया। जल शक्ति के लिए आरएएफ द्वारा गोद लिए गए गांव गोहरी एवं मलाका गांव में स्थित तालाबों की सफाई की गई। इस मौके पर बल के द्वितीय कमान अधिकारी नरेंद्र कुमार ने समस्त अधिकारी एवं जवानों को स्वच्छता की शपथ दिलाई। स्वच्छता कार्यक्रम में उप कमांडेंट दीपक कुमार, मुकेश कुमार पांडेय के अलावा अधीनस्थ अधिकारी एवं जवान शामिल हुए।

Dainik Jagran (Prayagraj,UP)



स्वच्छता की शपथ लेते जवान • जागरण

# पॉलीथिन मुक्त भारत के लिए चलाया अभियान

जासं, प्रयागराज : गांधी जयंती पर आरएएफ 101 बटालियन के जवानों ने पॉलीथिन मुक्त भारत का अभियान चलाया। साथ ही जल संरक्षण के लिए लोगों को जागरूक किया। स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के क्रम में बटालियन के द्वितीय कमान अधिकारी नरेंद्र कुमार ने फाफामऊ स्थित कमान में सभी कर्मियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई। इसके बाद अधिकारियों और जवानों ने मिलकर कैंप के आसपास सफाई अभियान चलाया। इस मौके पर द्वितीय कमान अधिकारी दीपक कुमार, मुकेश कुमार पांडेय आदि मौजूद रहे।

Hindustan (Jamshedpur,JKD)

# रैफ के जवानों ने स्वच्छता की ली शपथ



जमशेदपुर। सुंदरनगर स्थित 106 वीं रैपिड एक्शन फोर्स की बटालियन ने बुधवार को कैम्प परिसर में स्वच्छता ही सेवा अभियान चलाया। रैफ के कमांडेंट पीके सिंह ने कहा कि स्वच्छता उनके अभियान में शामिल है। जवानों ने हर वर्ष 100 घंटे श्रमदान करने का संकल्प लिया है। उन्हें देश को स्वच्छ रखने का प्रण पूरा करना है। इस अवसर पर 500 अधिकारी व जवानों को शपथ दिलायी गयी। कैंप के आसपास 11 सितंबर से 2 अक्तूबर तक अभियान चलाया गया।

**Dainik Bhaskar (Jamshedpur,JKD)**

# जवानों ने ली स्वच्छता की शपथ

सुंदरनगर स्थित रैफ 106वीं बटालियन के कमांडेंट पीके सिंह के नेतृत्व में बुधवार को स्वच्छता की शपथ ली। इसमें 500 अधिकारी और जवान शामिल थे।

**Prabhat Khabar (Jamshedpur,JKD)**

**जवानों ने 100 घंटे श्रमदान करने का लिया शपथ.** सुंदरनगर स्थित 106वीं वाहिनी द्रुत कार्य बल के कमांडेंट पीके सिंह के मार्गदर्शन पर स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत 500 अधिकारी व कर्मियों ने स्वच्छता का शपथ लिया. इस दौरान जवानों ने स्वच्छ व विकसित भारत निर्माण के लिए हर वर्ष 100 घंटे श्रमदान कर आसपास की गंदगी को साफ-सफाई कर क्षेत्र को सुंदर बनाने का संकल्प लिया गया.

## Prabhat Khabar (Jamshedpur,JKD)

**गांधी के सपनों को साकार करने की शपथ:** सुंदरनगर के 106वीं द्रुत कार्य बल मुख्यालय में कमांडेंट पीके सिंह के निर्देशन में महात्मा गांधी की जयंती मनायी गयी. जयंती समारोह में स्वच्छता के प्रति जागरूक रहने और दुसरों को भी जागरूक करने का शपथ ली गयी. कहा गया कि वे न गंदगी करेंगे और न ही दूसरे को गंदगी करने देंगे. उन्होंने महात्मा गांधी के सपनों का स्वच्छ भारत, विकसित भारत तथा स्वच्छ और सुंदर भारत बनाने का संकल्प लिया.

## Inext (Prayagraj,UP)

PRAYAGRAJ (2 Oct): राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 150वीं जयंती प्रयागराज में स्वच्छता, सेवा और संकल्प दिवस के रूप में मनाई गई. इस दौरान लोगों ने देश में बदलाव की लहर लाने के साथ ही प्लास्टिक से दूरी बनाने का संकल्प लिया. कमिश्नर डॉ. आशीष गोयल और डीएम प्रयागराज भानुचंद गोस्वामी ने अपने कार्यालय में ध्वजारोहण के साथ ही बापू के सिद्धांतों को जीवन में अपनाने का संदेश दिया. नगर निगम कार्यालय में मेयर अभिलाषा गुप्ता ने ध्वजारोहण करते हुए बापू के चित्र पर पुष्प अर्पित किया. एनसीआर में गांधी जयंती पर सुबह से लेकर शाम तक जीएम एनसीआर राजीव चौधरी की अध्यक्षता में कई कार्यक्रम हुए. रेल कर्मचारियों को प्लास्टिक का उपयोग कम से कम करने की शपथ दिलाई गई. सफाई अभियान चलाने के साथ ही जंक्शन पर गांधी वीथिका का उद्घाटन हुआ. पतंजलि ऋषिकुल, आईआईआईटी, शांतिपुरम स्थित 101 आरएएफ, वर्धा यूनिवर्सिटी, कुलभास्कर आश्रम पोस्ट ग्रेजुएट कॉलेज, साबरमती के संत को नमन करते हुए विविध आयोजन हुआ. सांसद रीता बहुगुणा जोशी और केशरी देवी पटेल के नेतृत्व में संकल्प पद यात्रा निकाली गई.

## Photos of Deployment/ Fam-Ex Of RAF










**सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।**